# पराग-आर्चर की उम्दा पारियों की बदौलत रॉयल्स ने KKR को तीन विकेट से हराया



कोलकाता। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

युवा रियान पराग और जोफ्रा आर्चार की विषम परिस्थितियों में उम्दा पारियों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीन विकेट से हराकर प्ले ऑफ की उम्मीदों को जीवंत रखा। केकेआर की यह लगातार छठी हार है। केकेआर के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने पराग (31 गेंद में 47 रन, पांच चौके, दो छक्के) और आर्चर (12 गेंद में नाबाद 27, दो चौके, दो छक्के) के बीच सातवें विकेट की 44 रन की साझेदारी की बदौलत 19 . 2 ओवर में सात विकेट पर 177 रन बनाकर जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने भी 34 रन की पारी खेली। मेजबान टीम की ओर से पीयूष चावला (20 रन पर तीन विकेट) और सुनील नारायण (25 रन पर दो विकेट) ने उम्दा गेंदबाजी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इससे पहले केकेआर के लिए कप्तान दिनेश कार्तिक ने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 50 गेंद में नौ छक्कों और सात चौकों से नाबाद 97 रन बनाए जिससे टीम ने छह विकेट पर 175 रन का स्कोर खड़ा किया। उनके अलावा सिर्फ नितीश राणा (21) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। कार्तिक की पारी की बदौलत केकेआर की टीम अंतिम पांच ओवर में 75 जबकि अंतिम 10 ओवर में 126 रन जोड़ने में सफल रही। इस जीत से रॉयल्स के 11 मैचों में चार जीत से आठ अंक हो गए हैं और टीम तालिका में सातवें स्थान पर है। केकेआर के भी इतने ही मैचों में इतने ही अंक हैं लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण वह छठे स्थान पर है। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स को रहाणे और संजू सैमसन (22) की सलामी जोड़ी ने 5 . 2 ओवर में 53 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। रहाणे हालांकि 21 गेंद में 34 रन बनाने के नारायण की सीधी गेंद को चूककर पगबाधा हो गए। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का मारा। रॉयल्स ने पावर प्ले में एक विकेट पर 55 रन बनाए। चावला ने इसके बाद सैमसन को बोल्ड किया जबकि नारायण ने कप्तान स्टीव स्मिथ (02) के स्टंप उखाड़े जिससे रॉयल्स का स्कोर बिना विकेट के 53 रन से तीन विकेट पर 63 रन हो गया। नारायण के इस ओवर में पराग भी भाग्यशाली रहे जब इस आफ स्पिनर ने अपनी ही गेंद पर उनका बेहद आसान कैच छोड़ दिया।बेन स्टोक्स भी 11 रन बनाकर पवेलियन लौटे जब चावला की गेंद पर लांग आफ बाउंड्री पर रसेल ने उनका शानदार कैच लपका। चावला ने स्टुअर्ट बिन्नी (11) को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराके रायल्स को पांचवां झटका दिया। पराग और श्रेयस गोपाल (18) ने 14वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। गोपाल ने नितीश राणा पर लगातार तीन चौके भी मारे। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में 54 रन की दरकार थी। प्रसिद्ध कृष्णा ने गोपाल को शुभमन गिल के हाथों कैच कराया। जोफ्रा आर्चर ने नारायण पर छक्का जबकि पराग ने चौके के साथ रायल्स की उम्मीदों को बनाए रखा। पराग ने 18वें ओवर में कृष्णा पर भी चौका और छक्का मारा जिससे रायल्स को अंतिम दो ओवर में 18 रन की जरूरत थी। पराग ने रसेल पर छक्के के साथ रॉयल्स का पलड़ा भारी किया। वह हालांकि अगली गेंद को पुल करने की कोशिश में विकेट पर बल्ला मारकर हिट विकेट हो गए। उन्होंने 31 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के मारे। रॉयल्स को अंतिम ओवर में नौ रन की दरकार थी। आर्चर ने कृष्णा की पहली गेंद पर चौका और फिर दूसरी गेंद पर छक्का जड़कर रायल्स को जीत दिला दी। इससे पहले स्मिथ ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसे गेंदबाजों ने सही साबित करने की पूरी कोशिश की। तेज गेंदबाज वरूण आरोन की पारी की तीसरी गेंद को ही क्रिस लिन (00) विकेटों पर खेल गए जबकि टीम के रनों का खाता भी नहीं खुला था। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (14) ने ओशाने थामस और आरोन पर चौका जड़ा। आरोन ने हालांकि तेजी से अंदर आती गेंद पर गिल को बोल्ड कर दिया। केकेआर की टीम पावर प्ले में दो विकेट पर 32 रन ही बना सकी। बायें हाथ के स्पिनर श्रेयस गोपाल ने इसके बाद राणा को प्वाइंट पर आरोन के हाथों कैच कराकर मेजबान टीम का स्कोर तीन विकेट पर 42 रन किया। कप्तान दिनेश कार्तिक को लय हासिल करने में दिक्कत हुई और वह शुरुआती 10 गेंद में तीन ही रन बना सके। कार्तिक ने 11वें ओवर में गोपाल की पहली गेंद पर छक्के के साथ टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया और फिर अगली तीन गेंद पर लगातार तीन चौके मारे। सुनील नारायण ने भी अंतिम गेंद पर छक्का जड़ा जिससे ओवर में 25 रन बने।

## वर्ल्ड कप के लिये सुंदरम रवि को 22 मैच अधिकारियों के नाम में किया शामिल

दुबई। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तीन विश्व कप विजेता और एक भारतीय अंपायर सुंदरम रवि को 30 मई से इंग्लैंड में शुरू हो रहे विश्व कप के लिये 22 मैच अधिकारियों में शामिल किया गया। आईसीसी ने टूर्नामेंट के लिये 16 अंपायरों और छह मैच रैफरियों के नाम का ऐलान किया। रवि टूर्नामेंट में अकेले भारतीय अधिकारी होंगे।



हाल ही में आईपीएल मैच में श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा की नोबाल नहीं पकड़ पाने के लिये भारतीय कप्तान विराट कोहली समेत कइयों ने उनकी आलोचना की है।

इसे भी पढ़ें भारतीय हॉकी टीम के नए कोच बने ग्राहम रीड, खिलाड़ियों को सिखाया एकता का पाठ

तीन विश्व कप विजेता अधिकारियों में डेविड बून मैच रैफरी होंगे जबकि कुमार धर्मसेना मैदानी अंपायर और पाल रीफेल तीसरे अंपायर होंगे। ब्रूस आक्सेनफोर्ड मैदानी अंपायर होंगे जबकि जोएल विलसन चौथे अंपायर रहेंगे। बून 1987 विश्व कप विजेता आस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य थे जबकि धर्मसेना 1996 में अर्जुन रणतुंगा की अगुवाई वाली श्रीलंकाई टीम का हिस्सा थे। रीफेल 1999 में विश्व कप जीतने वाली आस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे।

## विश्व कप के सारे मैचों को उसी तरह खेलेंगे जैसे भारत के खिलाफ खेलते है ́: सरफराज

**पाकिस्तानी टीम फिलहाल केंट में अभ्यास शिविर में भाग ले रही है। उसे 27 अप्रैल को एक अभ्यास मैच भी खेलना है। विश्व कप से पहले पाकिस्तान इंग्लैंड के खिलाफ पांच वनडे और एक टी20 मैच खेलेगा।**




कराची। **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाकिस्तान के कप्तान सरफराज अहमद ने कहा है कि उनकी टीम आगामी विश्व कप में हर मैच ऐसे खेलेगी जैसे चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ खेलते हैं। एक टीवी चैनल को दिये इंटरव्यू में विकेटकीपर बल्लेबाज से भारत के खिलाफ 16 जून को होने वाले मुकाबले के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ मैच काफी अहम है लेकिन वह एक ही मैच है। हमें पूरा टूर्नामेंट ऐसे खेलना है जैसे भारत के खिलाफ खेल रहे हों।

पाकिस्तानी टीम फिलहाल केंट में अभ्यास शिविर में भाग ले रही है। उसे 27 अप्रैल को एक अभ्यास मैच भी खेलना है। विश्व कप से पहले पाकिस्तान इंग्लैंड के खिलाफ पांच वनडे और एक टी20 मैच खेलेगा। सरफराज ने कहा कि उन पर कप्तानी का कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं किस क्रम पर बल्लेबाजी करूंगा वह हालात देखकर तय किया जायेगा।चयनित खिलाड़ियों को लेकर मेरे, मिकी आर्थर और चयन समिति के बीच सहमति है। हमारी टीम में प्रतिभा और गहराई है लेकिन टूर्नामेंट में शुरू से लय हासिल करके खेलना जरूरी है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि विश्व कप में उनकी टीम को प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिये अच्छा है। इसके मायने हैं कि दूसरी टीमों पर अधिक दबाव रहेगा जबकि हम खुलकर खेल सकेंगे।

# विनोद कांबली ने गाया सचिन के बर्थडे पर दोस्ती का गाना, जवाब में मिला यह सवाल

नई दिल्ली: **एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टीम इंडिया के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली की दोस्ती अपने आप में एक मिसाल हैं. बचपन से ही दोनों ने साथ क्रिकेट करियर शुरु किया सचिन कांबली से बहुत ज्यादा आगे निकल गए, लेकिन दोनों के रिश्ते मजबूत ही हुए. सचिन के जन्मदिन पर विनोद कांबली हर साल ही एक खास अंदाज में अपनी दोस्ती को याद करते हुए बधाई देते है. इस साल कांबली ने सचिन को जन्मदिन पर एक गाना डेडिकेट किया, लेकिन इस बार सचिन अपने दोस्त को ही ट्रोल कर दिया.



**पहले भी सचिन को सरप्राइज करते रहे हैं कांबली**

पिछले साल विनोद ने फ्रेंडशिप डे पर सचिन के के नाम का टैटू गुदवाया था. इस पर सचिन ने भी कांबली की तारीफ करते हुए कहा के कांबली हमेशा उन्हें सरप्राइज करते रहते हैं. सचिन और कांबली एक दूसरे की काफी तारीफ करते रहते हैं. कुछ साल पहले दोनों के बीच दूरियां दिखने लगी थीं, लेकिन दो साल से दोनों के बीच नजदियां ज्यादा दिखने लगी हैं. कांबली तब से सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहने लगे हैं.

**अमिताभ बच्चन की फिल्म का गाना गाया कांबली ने**

इस बार कांबली ने उन्हें एक दोस्ती का गाना डेडिकेट किया. उन्होंने अपने ट्वीट में सचिन को बर्थडे की बधाई देते हुए एक वीडियो शेयर किया जिसमें वे अमिताभ बच्चन की फिल्म याराना का गाना, 'तेरे जैसा यार कहां', गा रहे हैं. इस कांबली ने लिखा, याद करेगी दुनिया, तेरा मेरा अफसाना, और सचिन के साथ हैप्पी बर्थडे सचिन भी टैग किया.

**सचिन के जवाब का भी जवाब नहीं था**

इस वीडीयों को लोगों ने तो खूब पसंद किया ही लेकिन इस पर सचिन तेंदलुकर ने जो रिप्लाय किया उसे भी लोगों ने खूब पसंद किया. इस वीडियो में विनोद की छोटी सी सफेद दाढ़ी दिखाई दे रही है, लेकिन उनकी आई ब्रो घनी और काली ही दिख रही हैं. सचिन ने अपने जवाब में कहा, "विशेज के लिए शुक्रिया कांबली, गाना शानदार था, लेकिन मुझे अब भी इस बात की हैरानी है कि तुम्हारी दाढ़ी तो सफेद हो गई है, लेकिन आई ब्रो काली ही हैं.

**फैंस ने भी दोनों की दोस्ती की तारीफों के बांधे पुल**

सचिन के फैंस को हमेशा ही कांबली की बधाई के जवाब का इंतजार रहता है. कांबली के इस वीडियो पर फैंस ने भी मजेदार कमेंट कर डाले एक फैन ने तो कह दिया कि कांबली को मुंह से दही पोंछ लेना चाहिए था. फैंस ने दोनों की दोस्ती की ज्यादा तारीफ की और साथ ही उन्होंने कांबली की आवाज को भी खूब पसंद किया. कांबली को गाने का शौक है यह किसी से छिपा नहीं है. वीडियो में साफ दिख रहा है कि उन्होंने बहुत ही मन से इस गाने को गाया है.